Edition 2 Volume 5

# Sitaare

A multilingual Children's magazine

**Conceptualised by: Tanya**

**Designed and Edited by : Vrinda**

# इस बार



1. चिड़िया की कहानी
2. मेरी दादी
3. चींकी का दिन कैसा ?
4. मेरी दोस्त अरशी
5. मेरी किताब
6. मेरा घर
7. चक धुम
8. जून की छुट्टियाँ
9. दिलचस्प खबरें
10. अंतर ढूँढो !

# चिड़िया की कहानी

*आसिफ़, कक्षा 5, प्रा वि, गुज्जर बस्ती*



एक बार मैं घने जंगल में गया तो मुझे अजीब सा लगा।
फिर मैं थोड़ी सी आगे गया। मुझे एक आवाज़ सुनाई दी " चू - चू -चू "। तो मैंने देखा ये आवाज़ कहा से आ रही है। एक चिड़िया झाड़ में फँसी हुई थी। मैंने उसे झाड़ में से निकाल दिया।



उसके पैर में चोट लगी थी, फिर मैं उसे अपने घर ले आया। फिर चिड़िया और मैं खेलने लगे।





# मेरी दादी

आरोही, कक्षा ५, प्रा वि, टाँटवाला



जब मेरी दादी मुझे भूतों की कहानी सुनाती है, तब मुझे बहुत डर लगता है और आँखों से बहुत आँसू आते हैं।



मुझे बहुत  हंसी आती है मेरी दादी के मुँह में दांत नहीं है। मेरी दादी ख़ाना आराम से खाती है।



मैं सोचती हूँ मेरे मुँह में दाँत है पर मेरी दादी के मुँह में क्यों नहीं है। मुझे ऐसा लगता है मेरी दादी के दाँत खो गए हैं।

# चींकी का दिन कैसा ?

चींकी, कक्षा 5, प्रा वि, चण्डीघाट





चींकी सुबह सो कर उठी
चींकी ने उठकर मूँह धोया
चींकी ने फिर नहाया
चींकी ने ख़ाना खाया ।









चींकी फिर स्कूल गई
चींकी ने स्कूल में पढ़ाई करी
चींकी स्कूल से घर आई
और उसने खेल खेला
चींकी खेल के बाद सो गई।





# मेरी दोस्त अरशी

अरशी, कक्षा 5 प्रा वि 1, गुज्जर बस्ती



मेरा नाम अरशी है। मेरी दोस्त
रेशमा है। वह बहुत अच्छी है और
हमारी यारी पक्की है।
हम दोनों बहुत प्यारी और अच्छी हैं।
हम साथ खेलते और साथ फूल
बनाते हैं।



# मेरी किताब


प्रियंका, कक्षा ५, प्रा वि, टाँटवाला

मैं कक्षा ५ में आ गई हूँ।
मैं बहुत खुश हूँ और मुझे
नई किताबें मिली हैं।
अब मैं नई-नई कहानियाँ
पढ़ूँगी और किताबों पर
कवर चढ़ाऊँगी।



# मेरा घर

विका, कक्षा 4, प्रा वि, चण्डीघाट




मेरा घर सुंदर है।
मेरे घर में बहुत लोग हैं।
मेरे घर में तीन कमरे हैं।
मेरे घर में हरा रंग है।
मेरा घर अच्छा है।
मुझे मेरे घर में ख़ुशी
मिलती है।
मैं अपने घर में पढ़ता
हूँ।



# चक थुम


सुहाना, कक्षा 3, प्रा वि, श्यामपुर

चक थुम चक थुम चक थुम चक
चंदा मामा है और सूरज चाचा है
रात में सोते हम और दिन में जागते हम





चक थुम चक थुम चक थुम चक
चाय हैं गरम और कुल्फ़ी है ठंडी




चक थुम चक थुम चक थुम चक
ऊपर आकाश नीचे है धरती




चक थुम चक थुम चक थुम चक
बाहर है गर्मी और अंदर है ठंडी


# जून की छुट्टियाँ

कादिल, कक्षा ५, प्रा वि ।, गुज्जर बस्ती



हमारे स्कूल की जून में छुट्टी पड़ती है।
हम छुट्टियों में अपनी नानी के घर
जाते हैं, वहाँ जाकर अच्छा ख़ाना
खाते हैं।
वहाँ जाकर हम खेलते हैं। हम अपने
मामू के घर जाते हैं, नाना की मदद
करते हैं और फिर हम घर आते हैं।

हम अपने दोस्तों से मिलते हैं
और दोस्तों से मिलकर हमें
अच्छा लगता है ।
हम घर आके ख़ाना खाते हैं,
फिर हम पढ़ते हैं। पढ़कर हम
सो जाते हैं।





शाम आती हैं, हम अपनी
मामी के साथ बात करते
हैं। उसके बाद हम ख़ाना
खाते हैं और सो जाते हैं।
सुबह उठकर हम चाय भी
पीते हैं।





# दिलचस्प खबरें



## मेरे गाँव में टोंटी (टंकी) लगी।

आदिल, कक्षा 3, प्रा वि।,
गुजर बस्ती

## मेरी मुर्गी ने बच्चा दिया।

अकरम, कक्षा 3, प्रा वि।,
गुजर बस्ती





## हमारे कुत्ते नने बकरी पकड़ ली ।

ग़ालिब, कक्षा 3, प्रा वि।,
गुजर बस्ती



# अंतर ढूँढो !







**Click to take a step with us**

https://rzp.io/l/mtRuxy5T5

**To know more click below:**

Samanta  Facebook  LinkedIn  Twitter Instagram